प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लखनऊ के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की टीम एक्सिओम–4 मिशन प्रा कर आज सकुशल लौटी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– गगनयान मिशन की दिशा में मील का पत्थर है यह यात्रा।
2. शुभांशु शुक्ला की वापसी पर लखनऊ में मना जश्न : पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा– शुभांशु की उपलब्धि से पूरा परिवार है गौरवान्वित।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व युवा कौशल दिवस पर आज लखनऊ में कौशल मेले और प्रदर्शनी का किया उद्घाटनः कहा– आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं स्किल्ड युवा। और
4. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लखनऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट ने भारतीय सेना पर टिप्पणी मामले में दी जमानत : 13 अगस्त को होगी मामले की अगली सुनवाई।

———————

लखनऊ के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला आज एक्सियोम–4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सकुशल पृथ्वी पर वापस लौट आए हैं। भारतीय समय के अनुसार दोपहर लगभग तीन बजे उनके अंतरिक्ष यान ड्रैगन

**स्पेस क्राफ्ट ने कैलिफोर्निया में प्रशांत महासागर में लैंडिंग की। पेश है एक रिपोर्ट........**

*अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने 18 दिन बिताये। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और तीन अन्य सहयोगियों को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए सात दिनों तक निगरानी में रखा जाएगा। शुभांशु शुक्ला की वापसी का लाइव प्रसारण लखनऊ स्थित उनके स्कूल में देखा गया। इस दौरान शुभांशु के माता–पिता और परिवार के सदस्य मौजूद रहे। अपने बेटे की सकुशल वापसी पर शुभांशु की मां आशा शुक्ला भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि शुभांशु की सकुशल वापसी से उन्हें इतनी खुशी हो रही है, जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता।*

***बाइट.....***

*बहुत खुशी हो रही है अंदर से हम बयान है। और बहुत अच्छा लग रहा है इसका कोई वर्णन नहीं किया जा सकता है इतना अच्छा लगा है।*

*शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल ने इस पल को पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी देशवासियों की शुभकामनाओं के लिए आभार जताया।* ***बाइट.....***

*ये उसकी सफल लैंडिंग के लिए हम ईश्वर को धन्यवाद करते है और देशवासियों का समस्त देशवासियों का और माननीय प्रधानमंत्री जी और सभी गणमान्य सदस्यों का बहुत बहुत शुक्रिया अदा करते है उनको तहे दिल से जो है हम आभार प्रकट करते हैं की उन्होंने हमारे बच्चे को आशीर्वाद दिया उनकी दुआओं से उनके आशीर्वाद से बच्चे का ये मिशन सफल हुआ और सफल पृथ्वी पर आ गया।*

*एक्सिओम 4 मिशन आगामी गगनयान मिशन और प्रस्तावित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान महत्वाकांक्षाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रवास के दौरान श्री शुक्ला ने सात महत्वपूर्ण प्रयोग किए जो अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभांशु शुक्ला की वापसी पर उन्हें शुभकामनाएं दी है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, शुभांशु ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। यह देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन– गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा की शुभांशु की उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है। श्री योगी ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। बाइट.....

*आपने पिछले आठ वर्ष के अंदर इस बात को महसूस किया होगा कि कानून व्यवस्था अच्छी होती है तो देखते ही देखते निवेश की भी झड़ी हमें देखने को मिलती है। पंद्रह लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव यूपी के अंदर आए। ये सभी निवेश के प्रस्ताव प्रदेश के अंदर युवाओं*

*के लिए नए अवसर भी प्रदान करते हैं और इसलिए मैं बार बार कहता हूं कि इन इंस्टीट्यूशन्स को इंडस्ट्री के साथ हमें जोड़ना पड़ेगा क्योंकि अगर ये जोड़ेंगे तो उस इंडस्ट्री की डिमांड क्या है, उसकी मांग क्या है, उसके अनुरूप हम कार्यक्रम को आगे बढ़ा सकते हैं।*

**कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 15 युवाओं को 'यूथ आईकॉन' सम्मान और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच स्किल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान से भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के साथ नॉलेज पार्टनर के रूप में एमओयू भी साइन किया गय**

————————

**भारतीय रेलव में तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आज से आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप पर आधार ओटीपी की व्यवस्था लागू हो गई ह। रेलवे ने यह कदम तत्काल टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाने के लिए उठाया है। इसके अलावा रेलवे ने ट्रेनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अनारक्षित कोच में 150 यात्रियों को ही टिकट देने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस पायलट प्रोजेक्ट का ट्रायल किया जा रहा है। इसके अलावा रेलवे ने एसी और स्लीपर ट्रेन के लिए जारी होने वाले टिकटों की संख्या भी तय कर दी है।**

————————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मामले में आज लखनऊ की एमपी–एमएलए अदालत से जमानत मिल गई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने राहुल गांधी को इस शर्त पर ज़मानत दे दी कि वे बीस हजार रुपये के निजी मुचलके और उतनी ही राशि के दो ज़मानतदार पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

—————

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने आज बदायूं में प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में जनपद के आसपास के इलाकों के दिव्यांग जनों के लिए सहायक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे इस

अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। इसी के तहत बदायूं में दिव्याशा केंद्र खोला गया जिससे लोगों को सहायक उपकरणों के लिए कहीं दूर ना जाना पड़े। बाइट.....

*कैंपों के बाद में बहुत सारे दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक ऐसे रहते है की उनके लिएपरेशानी होती है। तब इन्हें प्रधानमंत्री दिव्या केंद्र के माध्यम ऐसी यहाँ पर अपने सहायक को आसानी ऐसी प्राप्त कर सकते हैं। मुझे लगता है कि बदायूं के निकट या तो नोएडा दिव्यास केंद्र है या लखनऊ मिड में बीच में खुला है। आसपास के जिलों के लिए ये बहुत बड़ा वरदान साबित होने वाला है। दिव्यांगजनों के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए।*

———————

वित्त मंत्रालय के निर्देश पर वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर एक जुलाई से 30 सितम्बर तक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जायेगा। यह जानकारी राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक और बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ के जोनल हेड शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। बाइट.....

*इस कार्यक्रम में सारे जो ग्राम पंचायत है उत्तर प्रदेश और पूरे देश में उनसभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक कैंप किया जाएगा। ये कैंप जो वित्तीय सेवाएं दी जाती है उनसे और जो सामाजिक सुरक्षा की। जो स्कीम है भारत सरकार की उसके प्रति आम जनता को जागरूक करने के लिए किया*

*जाएगा जिसमें सारे बैंक, एडीएम और उत्तर प्रदेश सरकार के तमाम विभाग सम्मिलित रूप से प्रयास करके यहाँ की आम जनता को जागरूक करेंगे।*

—————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समोसा, जलेबी और लड्डू जैसे खाद्य उत्पादों पर चेतावनी लेबल जारी करने की खबर का खंडन किया है। मंत्रालय ने कहा है कि ये मीडिया रिपोर्ट्स भ्रामक, गलत और निराधार हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्यवर्धक विकल्प चुनने के लिए परामर्श जारी किया है।

—————

प्रदेश में रुक रुक कर हो रही बारिश से कई नदियां उफान पर हैं। बदायूं और बलिया में गंगा और बाराबंकी में घाघरा खतरे के निशान के पास पहुंच गई है। इस बीच प्रदेश के मंत्री अलग अलग ज़िलों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज बाँदा पहुंचकर यमुना नदी में बाढ़ की स्थिति का जायज़ा लिया।

उधर, मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के लिए प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में बारिश का यलो अलर्ट औऱ पूर्वी जनपदों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)